

डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार



दैनिक

पटना, 23 मार्च, गुरुवार, 2023





**डॉ0 संजय कुमार**

संपादक, कांग्रेस दर्पण

सह काँग्रेस कार्यकर्ता।

संपर्क -8252667278




जय हिंद साथियों

आशा है आप तमाम लोग अच्छे और स्वस्थ होंगे

बहुत ही जल्द बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सहयोगी शिविर लगने जा रहा है जो भी साथी इच्छुक हैं कृपया कार्यालय प्रभारी श्री बिपिन झा (9931986181)से संपर्क कर उन्हें अपना नाम पता मोबाइल नंबर दर्ज करवाएं . प्रशिक्षण की तिथि जल्दी घोषणा होगी

धन्यवाद

अफरोज खान, राज्य प्रभारी

बिहार कांग्रेस सेवा दल



# कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को विस्तार करने की जरूरत है : श्री तारिक अनवर जी



आदिशक्ति जगतजननी जगदम्बा, सर्वास्त्रधारिणी मां शक्तिस्वरूपा, दुखनिवारिणी, पापनाशिनी, त्रिभुवन सुखकारिणी, त्रैलोकविहारिणी, रिद्धि–सिद्धिधारिणी, भवभयहारिणी, भवजल तारिणी, सिंह विराजिनी मां दुर्गा सभी देशवासियों का कल्याण करें। आप सभी को पवित्र पर्व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। जय माता दी।

-प्रियंका गांधी वाड्रा

# यूथ जोड़ो,बूथ जोड़ो का संकल्प : युवा कांग्रेस

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा दो दिवसीय 21 और 22 मार्च को युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन आज पटना के जगजीवन राम शोध संस्थान में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के प्रशिक्षण टीम ने आज युवा प्रदेश कमेटी एवं प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष को संगठन के बुनियादी ढांचे ओर कांग्रेस की इतिहास प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को अवगत कराया।इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास जी सभी पदाधिकारी तथा विधानसभा प्रभारी को धन्यवाद दिया और यह बताया कि युवाओं की भागीदारी कितनी अहम भूमिका निभाने वाली है,साथ ही में उन्होंने यह भी बताया की सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश के मुद्दों को भी प्रमुख रूप से उठाएं ,गांव गली चौराहे में जाकर हम सभी के नेता आदरणीय श्री राहुल गांधी जी के संदेश को पहुंचने का काम करें और यह कहा कि हाथ जोड़ो और बूथ जोड़ो कार्यक्रम को वास्तविकता में जमीन पर उतरने की जो प्राण हमारे नेता ने लिया है उसको भलीभूत करने का सभी से संकल्प दिलाया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री तारिक अनवर जी ने इस प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की जो विचारधारा है उसे विचारधारा को विस्तार करने की जरूरत है कांग्रेस की जो इतिहास रही है उसकी सही जानकारी लेकर उन्हें लोगों तक पहुंचाने की जरुरत है इसके लिए सभी पदाधिकारी को युवाओं को कांग्रेस की योजनाएं को अच्छी तरह से समझकर उसका प्रचार प्रसार करें और लोगों को यह बताने का कोशिश करें कि कांग्रेस ही देश को एकजुट और समरसता बनाए रख सकता है।

इस आयोजन में राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा जी ने कहा की देश में युवाओं को अपनी भागीदारी और अपनी जिम्मेवारी को ईमानदारी से पूरी करनी कि यह समय की मांग है,और अलकालंबा ने यह भी बताया की एकजुट होकर हम सभी लोग देश में जिस तरह से महंगाई बेरोजगारी की जो मुद्दे हैं उन मुद्दों को जमीनी स्तर तक लोगों को पहुंचाने की जरूरत है ताकि आने वाले समय में केंद्र में जो सरकार है उसे हटाया जा सके।

भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी श्री कृष्णा अलवारु जी इस मौके पर सभी पदाधिकारी को मेहनत और और मौजूदा स्थिति है उससे निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है संगठन में एकता भाईचारा और समन्वय बनाकर अपने नेता राहुल गांधी जी का जो नारा है डरो मत उसे पर अमल करते हुए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है और युवाओं को बताया की हर युवा को अपने गांव, वार्ड,बूथ तक जाना होगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ शकील अहमद जी ने इस मौके पर युवाओं का हौसलाअफजाई किया और कहा की प्रशिक्षण शिविर में जो बताया गया उसको अमल करने का रास्ता बताते हुए उनको अपने नेता राहुल गांधी जी की विचारधारा को सभी तक पहुंचाने को प्रेरित किया।

इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री चंदन यादव , पूर्व विधायक अमित कुमार टुना, पूर्व युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुंजन पटेल विधायक आनंद शंकर , युवा कांग्रेस के मीडिया के चेयरमैन अमित कुमार,प्रदेश प्रवक्ता ज्ञान रंजन समेत युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

**ज्ञान रंजन, मीडिया पैनलिस्ट, मीडिया बिभाग**
**बिहार कांग्रेस**
















# बीजेपी का विकल्प केवल कांग्रेस है : डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव

पटना ।कांग्रेस दर्पण

केंद्र में बीजेपी का विकल्प केवल कांग्रेस ही हो सकता है। इस मामले में तीसरे मोर्चे की बात करना पूरी तरह से बेमानी है साथ ही ऐसी कवायद करना बीजेपी को मजबूत करने हेतु एक हथियार साबित होगा। उक्त बातें बिहार के प्रसिद्ध शिक्षाविद् सह बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव ने पटना के सदाकत आश्रम में कही।

गौरतलब है कि अखिलेश यादव और ममता बनर्जी समेत देश की कुछ पार्टियां तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद में हैं।

इस बाबत डॉक्टर यादव ने कहा कि तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद में जुटे नेताओं का यह केवल अहंकार मात्र है , जिसकी वजह से वो इस तरह की बातें बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस देश में बीजेपी का विकल्प केवल कांग्रेस है। और इनके द्वारा तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद शुरू करना बीजेपी को मजबूत बनाने का एक प्रयास से ज्यादा कुछ भी नहीं है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इतिहास में यह पहला मौका है जब सत्ताधारी दल के द्वारा सदन को अवरोधित किया जा रहा है। क्योंकि वे जानते हैं कि जब राहुल गांधी बोलेंगे तो इनके आका अडानी की धज्जी उड़ाकर रख देंगे। इसलिए उन्हें रोकने के खातिर देश की सबसे बड़ी पंचायत में सत्ताधारी दल द्वारा इस तरह का तमाशा खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर जब सबकुछ ठीक ही है तो फिर मोदी सरकार मामले की जेपीसी से जांच कराने से क्यों भाग रही है ? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बीजेपी का एक मात्र विकल्प कांग्रेस है। इसलिए उन्होंने देश के तमाम दलों से आवाह्न करते हुए कहा कि सभी दलों को कांग्रेस के नेतृत्व में एक जुट होकर बीजेपी के विरुद्ध लोकसभा की तैयारी करनी चाहिए। ताकि वर्तमान की फासीवादी और तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंका जा सके।

इस मौके पर कांग्रेस दर्पण के संपादक डॉक्टर संजय यादव, कार्यकारी संपादक सह कांग्रेस नेता शिशिर कौण्डिल्य, राज छवि राज, बबलू शर्मा, सरवर मल्लिक, आदि लोग मौजूद थे।।



**लोकतंत्र के इतिहास का यह पहला मौका है,जब सत्ता पक्ष द्वारा सदन नहीं चलने दिया जा रहा।**

**डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव**
प्रसिद्ध शिक्षाविद सह सदस्य
पॉलिटिकल अफेयर कमिटी
कांग्रेस पार्टी,बिहार प्रदेश।

## आवश्यक सूचना

**बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश के आलोक में खगड़िया जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम को लेकर दिनांक- 25 मार्च 2023 को समय-11:30 बजे दिन में श्रीमति प्रतिमा कुमारी जी,माननीय विधायक सह खगड़िया जिला प्रभारी की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय खगड़िया में आहूत की गयी है।**

**अतः खगड़िया जिला के वरिष्ठ नेतागण, सभी प्रदेश प्रतिनिधिगण, सभी पदाधिकारीगण, सभी प्रखंड अध्यक्षगण, सभी वरिष्ठ कार्यकर्तागण, सभी प्रकोष्टों के जिला अध्यक्षगण से सादर अनुरोध है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य भाग लेने का कष्ट करेंगे।**


**शुभकामनाओं सहित।**

**भवदीय**

**अरुण कुमार अधिवक्ता,**

**प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी,**


**जिला कांग्रेस कमिटी, खगड़िया।**






# कांग्रेस बदलाव की राजनीति करती है

21 और 22 मार्च को विधान सभा के पास जगजीवन राम शोध संस्थान पटना मे युवा कांग्रेस के ओर से युवा क्रांति बुनियादी शिविर का आयोजन किया गया था इसमें हमलोग को बहुत कुछ सीखने का मौका मिला , कांग्रेस बदले की राजनीति नहीं करती ,कांग्रेस बदलाव की राजनीति करती है ,देश के लिए काम करती है देश वासियों के लिए गरीब किसानो के लिए काम करती है, कांग्रेसी बनना सबकी बस की बात नही, इस मौका पर कांग्रेस के बड़े बड़े नेता और कार्यकर्ता से मिलने का मौका मिला , अलका लांबा जी को भी सुनने का मौका मिला ,इस प्रोग्राम में जो भी शामिल हुए सच मै सबमें एक जोश और उमंग पहले से ज्यादा हो गया है इसका नाम का असर सबमें हुआ है युवा क्रांति,बिहार के युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री गरीब दास जी का नालंदा जिला युवा कांग्रेस शुक्रिया अदा करता है इनके नेतृत्व मे प्रशिक्षण शिविर सफल हुआ




## आरिफ और एक सारस पक्षी की दोस्ती

अमेठी के रहने वाले आरिफ और एक सारस पक्षी की दोस्ती, जय–वीरू की तरह थी। साथ–साथ रहना, साथ खाना, साथ आना–जाना... उनकी दोस्ती इंसान की जीवों से दोस्ती की मिसाल है। आरिफ ने उनके प्रिय सारस को घर के सदस्य की तरह पाला, उसकी देखभाल की, उससे प्यार किया। ऐसा करके उन्होंने पशु–पक्षियों के प्रति इंसानी फर्ज की नजीर पेश की है जो कि काबिल–ए–तारीफ है। हाल ही में 'द एलिफेंट व्हिस ?पर्स' को ऑस्कर मिला, जिसकी कहानी भी एक हाथी और इंसान की संवेदनशील कहानी है। ये कहानियां हमें इसलिए भावुक करती हैं क्योंकि मनुष्य का जीवन और पर्यावरण में पाये जाने वाले जितने भी सहजीवन हैं, दोनों एक–दूसरे के पूरक हैं। हमें हमारे पशु–पक्षी, पेड़–जंगल, पहाड़, ग्लेशियर, समुद्र, नदियां सबको बचाना है, सबकी हिफाजत करनी है। सुंदर और स्वस्थ पर्यावरण ही सुंदर जीवन दे सकता है और इंसान व वन्य जीवों के बीच प्रेम की ऐसी कहानियां हमें प्रेरणा देती हैं। सरकारों का भी यही काम है कि ऐसी कहानियों से प्रेरणा लें और वन्य जीवों व इंसानों के बीच मोहब्बत भरे रिश्ते से संवेदना के मोती चुनें।






## अतिपिछड़ा समाज आज भी बहुत पिछे है

कांग्रेस अब पिछड़ा अतिपिछड़ा वर्ग के धानुक, कानू, कहार, नोनीया, बेलदार, कुम्हार, नाई, बढ़ही, चौरसिया, यादव, कुर्मी ,कोइरी , अंसारी, गड़ेडी समाज के नेताओ को अहम पद देने की तैयारी मे है ताकि इस समाज का अबाज बुलंद कर सके और इनके समस्याओ को देश के पटल पर रख सके आज भी जैसे की आपलोग जानते ही होगे की अतिपिछड़ा समाज आज भी बहुत पिछे है अपनी जीविका चलाने के लिए छोटे छोटे काम करते है इस समाज के उत्थान के लिए इनकी अबाज बनना बेहद ही जरूरी है ताकी इनके बच्चे को अच्छी शिक्षा अच्छी चिकित्सा और रोजगार मिल सके भाजपा सरकार मे सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना इसी समाज को करना पड़ रहा है जीस प्रकार केन्द्र सरकार के गलत नीति के कारण इनका सारा धन्धा चौपट हो गई उससे अब इनका घर चलाना भी मुश्किल हो गया मै अतिपिछड़ा और पिछड़ा समाज से कहना चाहता हूँ की सब एक साथ आ कर भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दे तभी अपने समाज का विकास होगा



# असम के महामहिम राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया जी का स्वागत व अभिनंदन

पटना । कांग्रेस दर्पण

आज नव वर्ष कि सभी कों शुभकामनाएँ आज़ राजस्थान विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वाधान में आयोजित प्रभावी एवं सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधान मंडल की भूमिका तथा सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार समारोह में पधारे मुख्य अतिथि असम के महामहिम राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया जी का स्वागत व अभिनंदन किया। आज राजस्थान विधानसभा में राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री जननायक श्री अशोक जी गहलोत साहब, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.सी.पी जोशी साहब असम के राज्यपाल महोदय श्री गुलाब चन-?द जी कटारिया, मुलाक़ात कि और अभिनंदन स्वागत किया चित्तौड़गढ़ सांवलियाजी धनगर मेवाड़ा गाडरी समाज कि अमरा भगत जी की तपस्या स्थली अनगड बावजी तीर्थ स्थल नरबदिया पर ज़िला राजसमन्द के कुम्भलगढ़ सूरजकुंड आश्रम के संत अवधेशानंद महाराज का प्रस्तावित जुलाई महीना में चातुर्मास में पधारने का भी आग्रह किया व अमरा भगत जी पैनोरोमाँ के लिये भी धन्यवाद दिया मुख्यमंत्री जी। कों राजस्थान सरकार के विभिन्न कैबिनेट मंत्रीयो से व विभिन्न विधायक से मुलाक़ात की राजसमन्द के पुर्व कॉंग्रेस ज़िला अध्यक्ष देवकींनन्दन जी गुर्ज़र काका साहब के साथ सभी नेतागण से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ज़िला कॉंग्रेस कमेटी ज़िला महासचिव किशन लाल गाडरी नाथद्वारा ज़िला राजसमन्द



प्रिय साथियों नमस्कार,

अपार हर्ष के साथ सूचित करना है कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी के निर्देश के आलोक में दिनांक– 25/3/ 2023 ,दिन– शनिवार, समय– 12:00 बजे,स्थान– कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना( बिहार) के सभागार में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई है । बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी के अलावे पूर्व अध्यक्ष, पूर्व विधायक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। अतः आप तमाम (केकेसी) के राज्य उपाध्यक्षयों राज्य समन्वयको ,राज्य कार्यकारिणी सदस्यों , पूर्व सदस्यो , प्रखंडध्यक्षो , जिलाध्यक्षो से निवेदन है कि 25 मार्च 2023 को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं ।


आपका भाई

-डॉ. अमित कुमार पासवान, प्रदेश अध्यक्ष
असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (बिहार) पटना मो0–

# प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस की विचारधारा एवम वर्तमान में कांग्रेस की रणनीति को विस्तार रूप से अवगत कराया

पटना । कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के दो दिवसीय 'युवा क्रांति बुनियादी' प्रशिक्षण शिविर जो की पटना में २१ एवं २२ मार्च को आयोजित किया गया जिसमे गया जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल कुमार ने बहुत सारे गया जिला के पदाधिकारियों के साथ हिस्सा लिया ’ इस शिविर में कांग्रेस की विचारधारा एवम वर्तमान में कांग्रेस की रानृति को विस्तार रूप से अवगत कराया ’ शिविर में भाग लेने वाले गया से मोहमद शमीम आलम, कुणाल कांत, राहुल सिंह, जिशान अफरीदी, मुन्ना मांझी, नृपरंजन, मुजामिल, आकाश दीप, अभिषेक कुमार आदि ने बताया कि इस तरह का प्रशिक्षण शिविर से उनके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है जिसकी झलक जल्द ही पूरे जिले में युवा कांग्रेस के प्रभाव दिखने लगेगा ’






# बीस-सूत्री कार्यालय का उदघाटन

पटना। कांग्रेस दर्पण

दिनांक-22 मार्च 2023 को धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के कर कमलों द्वारा मिश्रित भवन (कंबाइंड बिल्डिंग) में जिला बीस-सूत्री कार्यालय का उदघाटन किया गया, मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं जिला व प्रखंड के सभी बीस-सूत्री के पदाधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के कल्याणकारी कार्यों को गति देने के साथ-साथ राज्य सरकार के योजनाओं को जिला के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं गांवों में धरातल पर उतारने एवं विकास के कार्यों में पारदर्शिता लाने को लेकर जिला बीस-सूत्री के सभी सदस्यों के साथ कार्यालय उद्घाटन के उपरांत बैठक आयोजित की गई हैं, आगे उन्होंने कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने जिस आशा और उम्मीद के साथ में विकास कार्यों की मजबूत कड़ी बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति में हमें दायित्व दिया है, निश्चित रूप से अपने दायित्व का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए सरकार के कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगे और जल्द ही जिला स्तर पर सभी प्रखंड बीस सूत्री समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।



आगे उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगे और उन्होंने धनबाद जिला बीस सूत्री समिति एवं प्रखंड बीस सूत्री समिति के सभी सदस्यों से संबंधित अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता के साथ कार्य करते हुए लोगों को झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में तत्पर रहने का आह्वान किया और निश्चित रूप से झारखंड सरकार के द्वारा दी गई जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने में धनबाद जिला बीस सूत्री समिति राज्य में सबसे अव्बल रहेगी। आगे श्री सिंह ने कहा कि धनबाद जिला बीस-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति जिला के सभी प्रखंडों में लगातार जनता दरबार लगाएगी और इसकी शुभारंभ 29 मार्च 2023 को गोविंदपुर प्रखंड से होगी, गोविन्दपुर प्रखंड में जनता दरबार के माध्यम से लोगों के योजनाओं से संबंधित समस्याओं का आवेदन लेकर उस का निराकरण कराने में धनबाद जिला बीस-सूत्री अहम भूमिका निभाएगी।

आगे उन्होंने कहा कि धनबाद जिला-सूत्री कमेटी की बैठक जल्द जिला में संपन्न होगी जिसमें झारखंड सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री सह धनबाद जिला के प्रभारी मंत्री श्री बन्ना गुप्ता जी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदन महतो, शमशेर आलम, लक्ष्मण तिवारी, हराधन रजवार, राजू प्रमाणिक, योगेंद्र सिंह योगी, मोहम्मद कासिम, उषा पासवान, पप्पू कुमार तिवारी, जितेश सिंह, अख्तर हुसैन अंसारी, राजेंद्र किस्कू, गोपीन टूडू, मनोज हाड़ी, मंटू चौहान सहित कांग्रेस, झामुमो एवं राजद के सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह**
**उपाध्यक्ष**
**धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति।**

# युवा कांग्रेस ने किया बिहार में "यंग इंडिया के बोल सीजन - 3" का विमोचन

पटना। कांग्रेस दर्पण

पटना/22-323

दिनांक 22 मार्च को बिहार की राजधानी पटना में प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया था जिसमे ₹यंग इंडिया के बोल सीजन - 3₹ प्रतियोगिता का **AICC** प्रवक्ता अल्का लांबा, **AICC** सचिव भारतीय युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, बिहार युवा कांग्रेस प्रभारी राजेश सिन्हा, यंग इंडिया के बोल-3 के बिहार प्रभारी युकां राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, कउ ट्रेनिंग इंचार्ज संतोष कोलकोन्डा, बिहार युकां मीडिया प्रभारी अमित सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में बिहार युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने विमोचन करते हुए बिहार के युवाओं को यंग इंडिया के बोल प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को भाग लेने अपील की।

विमोच में उपस्थित **AICC** के सचिव तथा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं जिसके तहत आम और सामान्य पृष्टभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं इसकी शुरुआत 2019 से हुई है और अब तक भारतीय युवा कांग्रेस ने देश के कोने-कोने से प्रतिभाओं को अवसर दिया और भारतिय युवा कांग्रेस का प्रवक्ता भी नियुक्त किया है।




इस दौरान उपस्थित अक्छउ प्रवक्ता अल्का लांबा ने बताया जहाँ आज देश भर में म्यूट तंत्र का दौर चल रहा है देश के सबसे बडी पंचायत में विपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा है, विपक्ष के नेताओं के माईक को म्यूट कर दिया जा रहा है ऐसे में भायतीय युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने की आजादी तो दे ही रहा है उन्हें राष्ट्रीय स्तर का मंच भी प्रदान कर रहा है जो सराहनीय है।

यंग इंडिया के बोल सीजन-3 का विमोचन करवाने पटना पहुचे बिहार प्रभारी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने बताया की जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति पर आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर कांग्रेस की विचारधारा का सहभागी बनाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं।

पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं, आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन - 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज़ बनने का काम करेगा।

विमोचन समारोह में कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के समेत बिहार युवा कांग्रेस के अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।




**हमिद नगर बराज परियोजना चालू कराने के लिए पटना राज्यपाल आवास पर जाकर किसानों केखेतों तक पानी पहुंचे एवं किसानों को उचित मुआवजा मिले इसी मांग को लेकर राज्यपाल को मांग पत्र सपने के लिए जाते हुए कांग्रेस नेता राम विनय सिंह यादव, श्याम सुंदर यादव मनोज यादव सुनील यादव मोहम्मद असलम अंसारी रणधीर कुमार, दयानंद यादव जी विमल यादव जी बहुत सारे किसान बंधु शामिल थे**



**दिनांक 22 मार्च 2023 को रोहनियां विधानसभा में बेमौसम भारी बारिश होने से किसानों की फसलों का नुकसान का जायजा लेते हुए, प्रांतीय अध्यक्ष मा. अजय राय जी।**
**राजेश्वर सिंह पटेल (राजेश भाई), अध्यक्ष**
**जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी**

# सादर आमन्त्रण

''हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा''कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड संख्या 3.4.5.6,नगर निगम (उत्तर) की बूथ स्तर पर जनसंपर्क सभा व रैली में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

*वार्ड न. 3,4,5,6,में हाथ से हाथ जोड़ो की जनसंपर्क रैली को राज्य मंत्री श्रीमान राजेंद्र सिंह सोलंकी जी, महापौर श्रीमती कुन्ती जी देवड़ा, जिलाध्यक्ष उत्तर,सलीम खान, दक्षिण, नरेश जोशी,उपमहापौर अब्दुल करीम जॉनी, प्रो. अय्यूब ख़ान (प्रत्याशी, सुरसागर विधानसभा) ज़िला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जगदीश सांखला,(उत्तर)जगदीश भाटी उपाध्यक्ष.व ब्लॉक समन्वयक सुरसागर त्रिलोक मेहरा ब्लॉक अध्यक्ष सुरसागर .रविंद्र सिंह सिसोदिया ब्लॉक समन्वयक चौ॰हा॰ बोर्ड.परमसुख पुरोहित ब्लॉक अध्यक्ष चौ॰हा॰बोर्ड द्वारा रैली को झंडी दिखाकर रवाना शुरू करेंगे

दिनांकः 23/03/2023
गुरूवार
*समयः शाम 5 बजे
*स्थान - माली समाज भवन
कालूराम जी की बावड़ी सुरसागर

आप सभी कांग्रेस जन एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जिला कांग्रेस कमेटी पार्षद,पूर्व पार्षद एंव मनोनीत पार्षद, शहरवासी व तमाम वार्डवासी आप सभी सादर आमंत्रित हैं!

निवेदकः
*जगदीश भाटी.उपाध्यक्ष(दक्षिण ) व ब्लॉक समन्वयक सुरसागर
*त्रिलोक मेहरा
ब्लॉक अध्यक्ष (उत्तर सुरसागर )
*रविंद्र सिंह सिसोदिया मंडल अध्यक्ष (उत्तर )ब्लॉक समन्वयक चौ॰हा॰बोर्ड
*पंकज भाटी (मंडल अध्यक्ष कालीबेरी )
*पार्षद प्रत्याशी,वार्ड संख्या ''3''
*सुरेंद्र(सुनील) सोलंकी
*पार्षद प्रत्याशी, वार्ड संख्या ''4''
*प्रवीण सिंह कच्छावाह.
(महासचिव उत्तर)
*पार्षद प्रत्याशी वार्ड संख्या ''5''
*अरूण बलाई (महासचिव उत्तर)
*पार्षद प्रत्याशी वार्ड संख्या ''6''
जोधपुर नगर निगम (उत्तर)

# आपदा घोषित कर दिया जाए किसानों मुआवजा- दीपक सैनी

पटना।कांग्रेस दर्पण

## किसानों का हाल जानने पहुंचा कांग्रेस डेलीगेशन।

शामली जिला कांग्रेस कमेटी ने शामली जनपद के कैराना विधानसभा में कैराना ब्लॉक के आयॅपुरी देहात, बेदखेडी, और उन ब्लॉक के सींगरा, थानाभवन ब्लाक के बाबरी गांव मे कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के दिशानिर्देश पर कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल बेमौसम बारिश से हुए फसल नुकसान को देखने के लिए किसानों के खेतों पर पहुंचा।क्षैत्र मे बागवानी, गेहूं, सरसों आदि की खडी फसलों को बेमौसम हुई बारिश और ओलावृष्टि से भारी नुकसान किसानों को पहुंचा है।गांव सींगरा मे किसान ओमवीर की गेहूं की फसल गिर गई है।किसान जयकुमार ने बताया कि बैमौसम हुई बारिश से अधपकी फसल जमीन पर लेट गई है।बाबरी में जयपाल किसान की सरसों की 17 बीघा जमीन में 5 बिघा जमीन की सरसों का नुक़सान हुआ। ऊन ब्लाक के गांव सिगरा, बिडोली , मंगलोरा खोकसा आदि गांवों में बिना मौसम की बारिश और तेज आंधी तूफान से किसानों के खेतो में तैयार फसलों का भारी नुकसान है।वर्तमान समय में गेहूं ,सरसों के साथ साथ आम के बाग़ में भी हानि हुई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि बेमौसम बारिश से हुई हानि की भरपाई के लिए सरकार के द्वारा किसानों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। फिलहाल देश में अन्नदाता पर घोर विपदा है। देश की खुशहाली और उन्नति में किसान की अहम भूमिका है। मुख्य रूप से दीपक सैनी शामली कांग्रेस जिलाध्यक्ष



सत्तार प्रधान ब्लाक अध्यक्ष केराना , अब्दुल हापिज जिला उपाध्यक्ष,अश्वनी शर्मा प्रदेश महासचिव,शहजाद मलिक जिला महासचिव, शमशीर खान नगर अध्यक्ष केराना, नफीस जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक,महावीर सैनी,सोकश जोगी, आदेश कश्यप, सदाम जोगी, सोकिन ,जितेन्द्र जाटव केराना, आदि मौजूद रहे ।

**दीपक सैनी शामली कांग्रेस जिलाध्यक्ष**

# दक्षिण भी अब मंदिर पथ पर-----




पटना ।कांग्रेस दर्पण

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन के द्वारा दिया जा रहा है प्रत्येक मंदिर 5000 रुपया प्रति माह।

26 जिलों में 14 सौ मंदिर बनवाने की घोषणा जगनमोहन सरकार कर चुकी है।

इनमें 1030 का निर्माण सरकार खुद करवा रही है। और 30-32 का निर्माण समरथ सेवा फाउंडेशन करवा रहा है।

खास बात यह है कि यह फाउंडेशन आरएसएस से संबंध एनजीओ है।

हरमंदिर के लिए 8-8 लाख और मूर्ति के लिए 2-2 लाख का प्रावधान है।

कर्नाटक राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव है,भारत सरकार को यहां **anti-incumbency** का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में विकास की जगह हिंदुत्व के एजेंडे को बढ़ाया जा रहा है।

सीएम बासवराज बोम्बई ने रामनगर जिले के रामदेवरा बेट्टा में राम मंदिर बनाने का ऐलान किया है। इस जगह को दक्षिण की अयोध्या के रूप में विकसित करने का दावा किया जा रहा है।

उप्पल जिले में अंजना देवी पहाड़ी का भी विकास होगा इसे हनुमान जी की जन्म भूमि माना जाता है। इसके अलावा मंदिरों और मठों के विकास जीर्णोद्धार पर 1000 खर्च किए जाएंगे।

जबकि मध्यमवर्गीय जनता महंगाई की मार से परेशान है।शिक्षकों को समय से वेतन नही मिल पा रहा है।

तेलंगाना के मुख्यमन्त्री केसीआर ने कोंडागट्टू जिले के अंजनैया स्वामी मंदिर के लिए 500 करोड़ देने की घोषणा की। 100 करोड़ रुपये पहले ही दिए थे।इससे पहले सरकार ने यदादरी भुवनगिरी जिले के प्राचीन यादागिरीगुट्टा लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर का पुनर्निर्माण 1800 करोड़ रुपये में कराया है।

करीमनगर के राजराजेश्वर शिव मंदिर के पुनर्निर्माण की योजना बना रही है।

तिरुमला तिरुपति मंदिर आंध्र के हिस्से में चला गया इस कमी को पूरा करने के लिए यदादरी मंदिर का पुनर्निर्माण कराया जाएगा।

तेलंगाना की जनता बेकारी की मार से परेशान 2024 के लिए पार्टियों ने नैरेटिव करने शुरू कर दिए हैं। आमतौर पर माना जाता है कि उत्तर भारत की राजनीति में धर्म और धर्म स्थल हावी है।

भाजपा अपनी हिंदुत्ववादी पहचान और राम मंदिर को अपनी बड़ी उपलब्धि के तौर पर प्रोजेक्ट करती रही है।

लेकिन अब तक धर्मनिरपेक्षता का नारा देने वाली दक्षिण भारत की पार्टियां भी भाजपा की काट के लिए राजनीति के मंदिर मार्ग पर सरपट दौड़ रही है।

द्वितीय विश्व युद्ध खत्म होने के बाद दुनिया पूंजीवाद और साम्यवाद के दो खेमों में बंट चुकी थी।

इस दौरान सोवियत रूस साम्यवादी गुट का नेतृत्व करता था, जबकि पूंजीवादी देशों का अगुआ अमेरिका था।

भारत को तब नई-नई आजादी मिली थी। जिसे विकास के लिए बुनियादी ढांचा खड़ा करना था।

जैसे स्टील,एयरक्राफ्ट ऑटो इंडस्ट्री, पनबिजली परियोजना।नेहरू भारत के इन्ही सपनों के लिए 1955 में सोवियत रूस की यात्रा पर निकले थे। आधुनिक भारत के मंदिरों का निर्माण करना था।

उन्हें देश को भुख-मरी के कगार से पेट-भरा की ओर ले जाना था।वह विज्ञान प्रेमी थे। नेहरू जी का मानना था कि विज्ञान ही इकलौता जरिया है,जो भूख और गरीबी को मिटा सकता है।

आज से 70 साल पहले देश की तरक्की खातिर नेहरू जी उपरोक्त बातें बोले थे।

और अपने प्रधानमंत्रित्व काल में आत्मसात किए थे। बाद की कांग्रेस नीत सरकार ने इसे धरातल पर उतारने का काम किया था।

वास्तव में भुखमरी समाप्त हुई।

लोग संपन्न हुए नेहरू जी विज्ञान के साथ-साथ धार्मिक विचार के भी थे। प्रयागराज कुंभ मेला में गंगा आरती से पहले श्रद्धालुओ के साथ पूजा अर्चना जरूर करते थे।

लेकिन देश के विकास की बुनियादी सुविधा उनकी पहली प्राथमिकता रहती थी।

वही,आज यूपी के राम मंदिर निर्माण राजनीति के साथ ही दक्षिण भारत भी मंदिर पथ पर कदम बढ़ा दिया है।

**Due to** वोट की राजनीति.....

रणजीत कुमार मुखिया जी,पूर्व जिला सचिव,
बेगूसराय कांग्रेस कमेटी।

## दर्जनों गाँवों में किया गया जनसंपर्क



पटना ।कांग्रेस दर्पण

गया स्नातक विधान परिषद महागठबंधन समर्थित राजद के प्रत्याशी डॉ पुनीत कुमार सिंह और जदयू के उम्मीदवार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से संजीव श्याम सिंह के समर्थन में जहानाबाद ज़िला के रतनी फरीदपुर प्रखंड के शकुराबाद, खजुरवाना, रतनी, फौलादपूर, सहबाजपूर, कनसुआ गगनकुरा साहित्य दर्जनों गाँवों में जनसंपर्क किया गया .

साथ में जहानाबाद माननीय विधायक सुदय यादव भईया, काँग्रेस के जिला अध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी जी, राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर जी, राजद के प्रधान महासचिव परमहंस राय जी, रतनी प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम जी, विमलेश जी लोदीपुर, महेंद्र जी प्रधान महासचिव, पूर्व मुखिया नरेश यादव जी एवं सभी गठबंधन के समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## छोटीसरवा को बजट में उप तहसील बनाये जाने पर आभार



पटना ।कांग्रेस दर्पण

कुशलगढ़.पंचायत समिति के खेड़ा धरती क्षेत्र में छोटीसरवा को बजट में उप तहसील बनाये जाने पर दिनांक 21 मार्च 2023 को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री रजनीकांत खाब्या के नेतृत्व मे पटाखे छोड़कर और रैली निकाल कर खुशी जाहिर की तथा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी, केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह जी मालविया, क्षेत्रिय विधायक रसीला खड़िया का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया ! इस मोके पर पंचायत समिति सदस्य श्री विजय खड़िया, लक्षण दामा, पुर्व पंचायत समिति सदस्य श्री भैरवलाल डामोर, छोटीसरवा सरपंच श्री विजय डामोर, वरिष्ठ नेता खातु भाई डामोर, पुर्व सरपंच कमजी बारिया, गवजी चारेल, नारजी सिंगाड़, मण्डल अध्यक्ष श्री मांगुसिह वाड़ेल, रायचंद रावत, पुर्व सरपंच श्री घेवुसिंह डामोर, रमेश पंवार, नारसिंह म ईड़ा, पुर्व सरपंच कालु भाई डामोर क्षैत्र के सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# अंतः सलिला फल्गु नदी पर बने रबर डैम एवम् मोकामा से गया लाई गई गंगाजल योजना को अविलंब सुचारू संचालन की व्यवस्था हो- कांग्रेस

पटना।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू , पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, उदय शंकर पालित, मौलाना आफताब खान, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, आदि ने कहा की हजारों करोड़ रूपए खर्च कर मोकामा से पाइप लाइन योजना से लाई गई गंगाजल घर, घर में अभितक उपलब्ध नहीं होने तथा रबर डैम बनने के बाद भी देवघाट के पास पानी लगभग सुख जाने से देश, विदेश से आए श्रद्धालुओं को पिंडदान, तर्पण हेतु पानी की घोर कमी होने की चर्चा जनमानस में आम बनी हुई है, जिसे सुचारू करना नितांत आवश्यक है।

नेताओ ने कहा की गंगाजल पाइप लाइन से पानी लाने की योजना, तथा अंतः सलिला फल्गु नदी में रबर डैम दोनो योजना प्रकृति से छेड़, छाड़ तथा अभी तक सक्सेस नही है।

नेताओ ने कहा की सरकार दोनो योजनाओं को जमीन पर उतारने वाले विशेषज्ञों की टीम को भेजकर रबर डैम का निरीक्षण करा कर सालो भर देव घाट, विष्णुपद तक फल्गु नदी में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराए।

नेताओ ने कहा की अभी मिनी पितृपक्ष में आए पिंडदानि जो यह सोचकर गया आए थे की अब रबर डैम बनने से फल्गु में हमेशा पानी रहता है, लेकिन ऐसा नहीं देख वो लोग भी मायूस हो रहे है।

नेताओ ने कहा की इन दोनो योजनाओं को बिहार ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण देश, विदेश में भी गया के रबर डैम की चर्चा हो रही है, इसलिए इसकी गुणवत्ता बनाए रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि अभी रबर डैम के पास पानी लगभग 80 प्रतिशत भाग में बिल्कुल नहीं है, तथा घर, घर गंगाजल भी उपलब्ध नहीं हुआ है।

भवदीय

विजय कुमार मिठू





